# V I B G Y O R   H I G H

## First Preliminary Examination

## AY 2020- 2021

## HINDI II LANGUAGE

**Grade: X** **Max Marks: 80**

**Date:26/11/2020** **Time Allowed: 3 hour**

---

*Answers to this Paper* ***must be written on the paper provided separately.***

*You will* ***not*** *be allowed to write during the first* ***15*** *minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.***

---

*This paper comprises of two Sections:* ***Section A and Section B.***

*Attempt all the questions from* ***Section A.***

*Attempt* ***four*** *questions from* ***Section B****, answering at least* ***one*** *question each from* ***two*** *books you have studied and* ***any two*** *other questions from the same booksyou have compulsorily chosen.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

**SECTION-A (40 Marks)**

Attempt **all** questions

**QUESTION 1**

**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics: -** **[15]**

**निम्नलिखित विषयों में से एक विषय पर हिंदी में लगभग 250शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए: -**

**A.** महानगरों में रहने से जहाँ लाभ हैं, वहाँ अनेक हानियाँ भी हैं - इस पर अपने विचार लिखिए |

**B.** काम को कल पर टालने से मन का भारीपन बढता है,जबकि कल करने वाले काम को आज ही पूरा कर लेने से हमारी कार्यक्षमता बढती है और मानसिक संतोष भी प्राप्त होता है।बताइए कि एक विद्यार्थी के लिए समय का क्या महत्व है**?**

**C.** आज खेलों में फैला भ्रष्टाचार एक नया ही रूप ले रहा है, विषय को स्पष्ट करते हुए, अपने प्रिय खेल का वर्णन कीजिए तथा जीवन में खेलों की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए ।

**D.** एक ऐसी मौलिक कहानी लिखिए जिसके अंत में यह वाक्य लिखा गया हो " जैसी करनी वैसी भरनी " ।

**E.** नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र का वर्णन कीजिए अथवा चित्र को आधार बनाकर कहानी लिखिए जिसका सीधा और स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।



**QUESTION 2**

**Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topics given below:-** **[7]**

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए: -**

**A.** आपका मित्र जल्दी जल्दी बीमार पड़ जाता है। उसे नियमित व्यायाम तथा योगाभ्यास करने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए।

**B.** आपके क्षेत्र में सड़कों पर रोशनी न होने से अंधकार रहता है। नगर-निगम के अधिकारी को पत्र लिखकर अपेक्षित प्रबंध करवाने के लिए पत्र लिखिए।

## QUESTION 3

**Read the passage given below and answer in Hindi the question that follow, using your own words as far as possible: -** **[10]**

**निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :-**

किसी वन में एक ऋषि का आश्रम था। ऋषि अत्यंत वृद्ध हो गए थे। पर लोकगमन का समय निकट आता देख, उन्हें चिंता सताने लगी कि उनके बाद आश्रम की ज़िम्मेदारी कौन उठाएगा?

यूँ तो उनके एक से बढ़कर एक शिष्य थे, जिनमें संजय, मृत्युंजय, धनंजय तथा दिवाकर नामक शिष्य अत्यंत विद्वान थे। ऋषि ने इन्हीं में से किसी एक को गुरु पद सौंपना चाहा,लेकिन गुरु जैसे सर्वोच्च पद के लिए केवल वेद शास्त्रों का ज्ञान और कला-कौशल ही काफ़ी नहीं था बल्कि कुछ परोक्ष सदगुणों का ज्ञान और कला-कौशल की भी आवश्यकता होती है। यह सोचकर ऋषि वर ने अपने चारों शिष्यों की परीक्षा लेनी चाही। उन्होंने अपने शिष्यों को अपनी इच्छा से अवगत कराकर कहा- "पुत्रों! मैं तुम चारों से केवल एक प्रश्न करुँगा। जिसका उत्तर संतुष्टिकार कहोगा, वही गुरुपद का अधिकारी होगा।"

शिष्यों ने समवे तस्वर में कहा-" प्रश्न पूछने की कृपा कीजिए गुरुदेव !"

ऋषि ने कहा- "यदि भगवान तुम्हें दर्शन देकर कुछ माँगने को कहें तो क्या माँगोगे ?"

संजय बोला- "गुरुदेव मैं तो संसार की समस्त विद्याओं को प्राप्त करने का वर माँगूगा,

ताकि मुझसे बड़ा कोई पंडित न हो सके। मृत्युंजय बोला- "गुरुवर! मैं समस्त दिव्यास्त्रों की माँग करूँगा, ताकि विश्व का सबसे शक्तिशाली पुरुष मैं ही कहलाऊँ।" धनंजय बोला- "विद्यादाता ! मैं तो ईश्वर से विपुल धन-संपदा माँगूगा, जिससे मेरा और मेरी भावी पीढ़ी का जीवन ऐश्वर्य से सुख पूर्वक बीते। दिवाकर कुछ क्षण चुप रहा। फिर ऋषि को प्रणाम कर बोला, "आचार्य श्रेष्ठ! मैं तो आजीवन ईश्वर की भक्ति, गुरु की भक्ति तथा आत्मसंतोष का वर माँगूगा। और कुछ भी नहीं। दिवाकर का उत्तर सुनकर ऋषि वर गद्- गद् हो उठे और उसे गले लगाकर बोले, "वत्स ! तुही मेरा सर्वश्रेष्ठ शिष्य है। गुरुपद पर तू ही शोभित हो सकता है। तेरा कल्याण हो । यशस्वी भव!" यह कहकर ऋषि ने दिवाकर को आश्रम का भावी गुरु बना दिया।

श्रेष्ठ पुरुष वही है जो अपनी उन्नति के साथ-साथ सभी की उन्नति की कामना करे।

i) पर लोक गमन का समय आने पर गुरु को क्या चिंता हुई और क्यों ? [2]

ii) गुरु के शिष्य कौन-कौन थे तथा गुरु ने शिष्यों से क्या प्रश्न पूछा ? [2]

iii) पहले और दूसरे शिष्य ने गुरु के प्रश्न का क्या उत्तर दिया ? [2]

iv) तीसरे और चौथे शिष्य ने गुरु के प्रश्न का क्या उत्तर दिया ? [2]

v) गुरु को किसका उत्तर सर्वश्रेष्ठ लगा और क्यों? इससे आपको क्या शिक्षा मिलती है? [2]

**Question 4**

**Answer the following according to the instructions given:-** **[8]**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए: -**

i) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- [1]

a) मौखिक

b) क्रय

ii) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:- [1]

a) अतिथि

b) घर

iii) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए:- [1]

a) इतिहास

b) पुराण

iv) निम्नलिखित में से किसी एक मुहावरे का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए :- [1]

a) बाल-बाल बचना

b) मुट्ठी गर्म करना

v) निम्नलिखित शब्दों कोभाववाचक संज्ञा में परिवर्तित कीजिए :- [1]

a) मानव

b) राष्ट्र

vi) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए :-

a) थोड़ा भोजन करने वाला व्यक्ति हमेशा स्वस्थ रहता है। [1]
(रेखांकित शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग कीजिए)

b) मैंने भी आपके साथ जाना है| (रेखांकित शब्दों को शुद्ध कीजिए) [1]

c) हमसे निबंध लिखा जाता है।(कर्तृ वाच्य में बदलिए।) [1]

**SECTION-B (40 Marks)**

Questions from only **two** of the following textbooks are to be answered.

Attempt **four** questions from this Section.

You must answer at least **one** question from each of the **two** books, you have studied and any **two** other questions from the same books that you have chosen.

**साहित्य सागर- संक्षिप्त कहानियाँ**

**Question 5**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follows:- [10]**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए: -**

वह सोचता,"यहाँ इतने सालों से हूँ। अमीर लोग नौकरों पर विश्वास नहीं करते पर मुझ पर यहाँ कभी किसी ने संदेह नहीं किया । यहाँ से जाऊँ तो शायद कोई ग्यारह बारह दे दे, पर ऐसा आदर नहीं मिलेगा।"

**(बात अठन्नी की लेखक - श्री सुदर्शन)**

i) उपर्युक्त वाक्य के वक्ता का परिचय दीजिए। [2]

ii) रसीला बार-बार किससे, कौन-सी और क्यों प्रार्थना करता था ? [2]

iii) वेतन की बात पर इंजीनियर बाबू जगतसिंह का जवाब क्या होता था? **विस्तार से लिखिए ।** [3]

iv) तनख्वाह न बढ़ाने के बावजूद रसीला नौकरी क्यों नहीं छोड़ना चाहता था? [3]

**Question 6**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follows:- [10]**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए: -**

पर 'सब दिन होत न एक समान' अकस्मात दिन फिरे और सेठजी को गरीबी का मुँह देखना पड़ा।

**( महायज्ञ का पुरस्कार लेखक-यशपाल )**

i) प्रस्तुत पाठ के आधार पर सेठजी की विशेषताएँ बताइए। [2]

ii) धन्ना सेठ की पत्नी के संबंध में क्या अफ़वाह थी? [2]

iii) सेठानी ने सेठ को क्या सलाह दी और क्यों दी? [3]

iv) सेठजी के दुःख का कारण क्या था ? [3]

## Question 7

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follows:-** **[10]**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए: -**

इसी नगरपालिका के उत्साही बोर्ड या प्रशासनिक अधिकारी ने एक बार 'शहर' के मुख्य चौराहे पर नेताजी सुभाष चंद्रबोस की एक संगमरमर की प्रतिमा लगवा दी| यह कहानी उसी प्रतिमा के बारे में है, बल्कि उसके भी एक छोटे -से हिस्से के बारे में।

**(नेताजी का चश्मा लेखक -स्वयं प्रकाश )**

i) हालदार साहब कब और कहाँ से क्यों गुजरते थे? [2]

ii) नगर पालिका के कार्यों के बारे में बताइए। [2]

iii) शहर के मुख्य बाज़ार में प्रतिमा किसने लगवाई थी और उस प्रतिमा की क्या विशेषता थी? [3]

iv) कस्बे का वर्णन कीजिए। [3]

### एकांकी संचय

**Question 8**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follows:- [10]**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए: -**

माँ को बेटे से अलग करना पाप है,मां का हृदय तोड़ना अत्याचार है।उस अत्याचार को दूर करने के लिए प्राण भी देने पड़े तो कम है।

**(संस्कार और भावना लेखक - विष्णु प्रभाकर)**

i) प्रस्तुत कथन का वक्ता कौन है? उसने किसे अत्याचार कहा है ? [2]

ii) उस अत्याचार को दूर करने के लिए उसने किसे, क्या सुझाव दिया ? [2]

iii) अविनाश की वधू का चरित्र-चित्रण कीजिए। [3]

iv) प्रस्तुत कहानी का उद्देश्य बताइए। [3]

**Question 9**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follows:- [10]**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए: -**

तुम कभी रात में अकेले नहीं जाओगे। चारों तरफ़ जहरीले सर्प घूम रहे हैं। किसी समय भी तुम्हें डस सकते हैं।

**( दीपदान लेखक - डाँ रामकुमार वर्मा)**

i) वक्ता कौन है? उसका परिचय दीजिए । [2]

ii) श्रोता कौन है? उसका वक्ता से क्या संबंध है ? [2]

iii) वक्ता के उपर्युक्त कथन कहने के पीछे क्या कारण था ? [3]

iv) वक्ता श्रोता की सुरक्षा के प्रति चिंतित क्यों रहती थी ? [3]

**Question 10**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follows:- [10]**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए: -**

अपना निर्णय सुना चुका हूँ । विदा नहीं होगी ।

**( 'बहू की विदा' लेखक ---विनोद रस्तोगी )**

i) प्रस्तुत कथन का वक्ता कौन है? वह किसे अपना निर्णय सुना रहा है और क्यों ? [2]

ii) वक्ता ने क्या निर्णय सुनाया है? [2]

iii) वक्ता किस प्रकार का व्यक्ति है? उसके चरित्र पर प्रकाश डालिए। [3]

iv) बहू की विदा' एकांकी का उद्देश्य लिखिए। [3]

*****